# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक 13 मई, 2025** **थाना जहांगीराबाद**

## विक्रम की हत्या का सफल अनावरण, हत्या में संलिप्त अभियुक्त गिरफ्तार, निशादेही से आलाकत्ल दराती बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 10.05.2025 को विक्रम पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम टिटौटा थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर का शव ग्राम कुदैना जयरामपुर के जंगल मे मक्का के खेत में मिला था। इस सम्बन्ध मे मृतक के भाई बोबी की तहरीर के आधार पर थाना जहांगीराबाद पर मुअसं- 212/25 धारा 191(2)/191(3)/190/103(1) बी0एन0एस0 व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट बनाम 1.विक्रम पुत्र जवरसिंह 2.अर्जुन पुत्र प्रंमोद 3.राहुल राणा पुत्र हरीश 4.रनदीप पुत्र ब्रजपाल सिंह 5.एक व्यक्ति अज्ञात समस्त निवासीगण ग्राम टिटौटा थाना जहाँगीराबाद जनपद बुलन्दशहर पंजीकृत किया गया था।

**उक्त घटना के शीघ्र खुलासे हेतु कई टीमो को लगाया गया था। जांच/छानबीन व तकनीकी माध्यम से अभियुक्त अंकित का नाम प्रकाश में आया है। विवेचना प्रचलित है।**

उक्त घटना के क्रम में आज दिनांक 13.05.2025 को थाना जहांगीराबाद पुलिस द्वारा घटना में प्रकाश मे आये अभियुक्त अंकित पुत्र जबर सिंह को गिरफ्तार किया गया हैं तथा अभियुक्त की निशादेही से आलाकत्ल दराती मक्का के खेत से बरामद कर ली गयी हैं।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना जहांगीराबाद पर पंजीकृत अभियोग मे धारा 4/25/27 शस्त्र अधिनियम की वृद्धि करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- अंकित पुत्र जबर सिंह निवासी ग्राम टिटौटा थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर।

### बरामदगी-

1. 01 दराती (आलाकत्ल)

**हत्या का कारणः-** गिरफ्तार अभियुक्त अंकित कुमार ने बताया कि दिंनाक 09.05.2025 को वह अपनी स्कूटी पर शाम के समय अपने साथ विक्रम को लेकर शराब पीने के लिए गया था। हम दोनो ने मुल्लानी शराब के ठेका से शऱाब लेकर शराब पी, शराब के नशे में विक्रम ने उसे कहा कि बचपन में तेरा भाई मेरे साथ स्कूल में पढता था जिसको मैने कई बार मुर्गा बनाया व चप्पल से पीटा था। अब तू मेरी चप्पल उठा, मैने उसकी चप्पल उठाकर स्कूटी के पायदान पर रख दी तथा हम दोनो स्कूटी पर बैठकर गांव के लिए वापस चल दिये। रास्ते में विक्रम बचपन में मेरे भाई के साथ मारपीट करने की बात को बार-बार दोहराते हुए गाली गलौच करने लगा व स्कूटी से उतर कर गया। मेरे द्वारा उसे फिर स्कूटी पर बैठाया गया तथा गावं के लिए चल दिये। विक्रम द्वारा रास्ते में गाली गलौच व मेरी हसी/खिल्ली उडाते हुए कई बार स्कूटी रूकवायी गयी। उसके बाद हम पुनः स्कूटी पर बैठाकर बम्बे के रास्ते गाँव की ओर आने लगे अचानक विक्रम ने फिर से स्कूटी रोकने के लिए कहा जब मैने स्कूटी नही रोकी तो वह फिर गाली गलोज करने लगा इसके बाद मैने स्कूटी मक्का के खेत के किनारे रोक दी। जहां हम दोनो मे आपस मे गाली गलोज व धक्का मुक्की हुई जिसमें हम दोनो मक्का के खेत मे गिर गये, गिरने के बाद भी विक्रम गाली देता रहा तब मैने अपनी स्कूटी की डिग्गी से दराती निकालकर उसका गला रेत दिया और उस दराती को मैने उसी मक्का के खेत मे फेंक दिया और मौके से फरार हो गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री रामफल सिंह थाना प्रभारी जहांगीराबाद
2. उ0नि0 मनोज पटेल, उ0नि0 दीपक चाहर, उ0नि0 अनिल कुमार, उ0नि0 हरिसिंह
3. है0 का अशोक कुमार ,का0 रामपाल शर्मा, का0 मुकेश कुमार






**मीडिया सेल बुलंदशहर।**